*सादर प्रकाशनार्थ*

__________ऊर्जा संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान कटघोरा

कटघोराः18/12/2017—प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सानिध्य में उर्जा संरक्षण एवं स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत गायत्री धर्मशाला कटघोरा में आयोजित परिचर्चा में बहन ललिता डिक्सेना अध्यक्ष नगर पालिका कटघोरा ने नगर वासियों को अभियान में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की तथा ब्रह्कुमारी संस्थान के द्वारा चलाये जा रहे अभियान की प्रशंसा की। भ्राता पवन अग्रवाल उपाध्यक्ष नगर पालिका कटघोरा ने कहा कि कटघोरा में कोई बाहर के लोग गन्दगी फैलाने के लिये नहीं आते हैं। यहॉ के स्थानीय लोगों में ही जन जागृति लाने की आवश्यकता है। भ्राता जी.आर.राजपूत विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कटघोरा ने कहा कि घर में शौचालय होने के बाद भी बाहर जाना यह बात अच्छी नहीं है। आपने प्रेरणादायी गीतों के माध्यम से सभी को शौचालय का उपयोग के लिये अपील की। भ्राता दारा सिंह मरकाम अधिवक्ता ने कहा कि यह संस्थान शहर और गांव गांव में जागृति लाने का प्रयास कर रहा है। इससे अवश्य ही लोगों में नई चेतना का संचार हो रहा है। भ्राता शेखरराम अति. शा. अधिवक्ता कटघोरा ने कहा कि मन के संयम से ही ऊर्जा की बचत और परिसर में स्वच्छता लाई जा सकती है। ब्रह्माकुमारी रूकमणी बहन संचालिका कोरबा ने बाबा गुरू घासी दास जयन्ती के अवसर पर सभी को सभी को शुभकामनायें देते हुए अपनी आंतरिक उर्जा को संरक्षित कर सभी के प्रति शुभ भावना रखने की प्रेरणा दी। बहन कंचन मोरे ने गीत की प्रस्तुति दी।

अभियान के अंतर्गत सुदूर अंचल ग्राम चुईया में आयोजित जन जागृति कार्यकम में बहन अमृता कंवर सरपंच, डॉ. के.सी. देबनाथ, भ्राता अनूप गोयल, भ्राता राघवेन्द्र कंवर शिक्षक पंचायत, रामचंद्र कंवर ने उर्जा संरक्षण तथा स्वच्छता पर अपने विचार व्यक्त किये। ग्राम पाथा में आयोजित परिचर्चा में भ्राता के.एस.पैकरा प्रधान पाठक शा. पूर्व मा.वि. पाथा, बहन पुष्पा यादव शिक्षिका, बहन मीना सोनी ने अपने विचार व्यक्त किये। रूहानी औषधालय माचाडोली में आयोजित परिचर्चा में ब्रह्माकुमारी कांति, बहन श्रुति तथा भ्राता जितेन्द्र ने अपने विचार व्यक्त किये। मानवता की सेवा में ब्रह्माकुमारी रूकमणी।